तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री


हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 4 जुलाई 2025

14 देवरबीजा में 50 लाख की लागत से बनेगा मिनी स्टेडियम...



13 सर्पदंश पर झाड़-फूंक में समय कदापि न गवाएं..





## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को ठोका, मौत

**भिलाई।** तेज रफ्तार कार चालक ने बाइक सवार को ठोकर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक घायल है। घटना भिलाई तीन थाना क्षेत्र का है।भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि डबरा पारा निवासी राकेश कोसले अपनी बाइक सीजी 28 क्यू 7224 में दोस्त लोकेश के साथ हथ्थखोज की ओर जा रहा था। इस दौरान कार सीजी 07 डीई 2657 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को सामने से ठोकर मार दी। हादसे में राकेश की मौके पर मौत हो गई। घटना मंगलवार शाम की है। मृतक राकेश घर का इकलौता बेटा था। वह विवाहित था उसकी एक बेटी है। घटना की जानकारी लगने पर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।मृतक राकेश जेटवर प्राइवेट कंपनी इंजीनियरिंग पार्क में वेल्डर का काम कर रहा था। बताया जा रहा कि मृतक परिजनों को मुआवजा नहीं मिलने पर प्रदर्शन कर सकते है।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कल

**दुर्ग।** सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली एवं परिवहन विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप सड़क सुरक्षा समिति की बैठक होनी है। लोगों में यातायात नियमों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने कार्ययोजना तैयार करने के उद्देश्य से यह बैठक तय की गई है। बैठक में सांसद विजय बघेल मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। बैठक 4 जुलाई को दोपहर 12 बजे कलेक्टर सभागार में आयोजित की है। बैठक में जिले के सभी विधायक, सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी सहित अन्य मौजूद रहेंगे।

### मजदूरों से भरी पिकअप पलटी, डेढ़ दर्जन घायल

**सड़क अतरिया।** ग्राम बोरई में बुधवार शाम मजदूरों से भरी एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना से डेढ़ दर्जन से अधिक मजदूर घायल हो गए। जिसमें दो मजदूर को गंभीर चोंट लगने की जानकारी सामने आई।प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कुटेली के लगभग दो दर्जन मजदूर रोज की तरह ग्राम पद्मावतीपुर खेत में रोपा लगाने गए हुए थे। खेत में काम पूर्ण कर सभी मजदूर एक पिकअप में सवार होकर वापस लौट रहे थे। शाम करीबन 5 बजे वाहन ग्राम बोरई के पानी टंकी के पास पहुंचा ही था कि वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरकर पलट गई। जिससे मौके पर हाय-तौबा मच गया। वाहन में सवार कुछ लोग इधर-उधर जा गिरे तो कोई एक-दूसरे के ऊपर दब गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने तत्काल घायलों की मदद के लिए दौड़े और 112 को घटना की जानकारी दी। कुछ देर बाद पुलिस एम्बुलेंस लेकर मौके पर पहुंची और घायलों को लेकर छुईखदान चिकित्सालय लेकर पहुंची। वाहन पलटने से लगभग 16 लोग घायल होने की जानकारी मिली। जिसमें से दो मजदूर कोमल साहू और मनीषा साहू को गंभीर चोंट लगे होने के कारण मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रिफर किया गया।

### नकली क्राइम ब्रांच का अधिकारी बनकर वसूली, तीन गिरफ्तार

**भिलाई।** नकली क्राइम ब्रांच का अधिकारी बनकर मोबाइल चोरी, मारपीट केस में फंसाने की धमकी देकर रकम वसूली करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने पकड़ा। इसमें दो आरोपी गुंडा बदमाश हैं। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि नेहरु नगर ईस्ट निवासी लेकापाल अधिकारी दुर्गा प्रसाद नायक 27 जून को हाउसिंग बोर्ड कोहका निवासी वेदान्त चौरसिया ने फोन कर स्वयं को क्राइम ब्रांच अधिकारी बताया था। किशोर कुमार उर्फ रॉकी एमबीबीएस पकड़ाया है जिसके द्वारा केस में पीड़ित के मोबाईल का नाम लेकर उसे इमली तालाब के पास बुलाया।

# जिले के 1952 बच्चों को मिली कुपोषण से निजात, एनआरसी अस्पताल है वरदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने के लिए पोषण पुनर्वास केन्द्र एन आर सी जिला चिकित्साल्य बेमेतरा में संचालित है। जहाँ 1 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को भर्ती कर कुणेषण से मुक्त करने का कार्य किया जाता है।

पोषण पुनर्वास केन्द्र में बच्चों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, ए एन एम, चिरायु के टीम द्वारा भेजा जाता है, एवं पालक स्वयं बच्चों को लाकर भी भर्ती करा सकते है। पोषण पुनर्वास केन्द्र में बच्चों को 15 दिवस तक भर्ती करके पोषन आहार एवं उचित दवाईयों के माध्यम से उपचार किया जा रहा है। पोषण पुनर्वास केन्द्र में गंभीर- कुपोषित बच्चों एवं ऐसे बच्चे जिन्हे लंबे समय से दस्त हो रहा हो, या बार-बार बिमार पड़ते है, ऐसे बच्चे को भी एन आर सी में भर्ती कर सकते है। पोषक आहार में बच्चो को थेरापूटिक फूड, (F75, F100) फार्मूला मिल्क, एवं समय समय पर नाश्ता (दलिया, हलवा,खिचड़ी, इडली, सेवई आदि) एवं माताओं को दो समय का भोजन प्रदाय किया जाता है, तथा माता को 150 रु. प्रतिदिन का 15 दिवस का 2250.00 रु. छुट्टी पश्चात प्रदाय किया जाता है। यहाँ पर दि जाने वाली सभी आवश्यक सुविधाएं मुफ्त में प्रदाय किया जाता है। जिला अस्पताल में स्थित पोषण पुनर्वास केन्द्र बेमेतरा में जनवरी, 2013 से संचालित है, जिसमे कुल अब तक 1952 बच्चे भर्ती होकर सुपोषित हो चुके है।

| वर्ष - लाभान्वित | |
|---|---|
| 2013-14 | 87 |
| 2014-15 | 127 |
| 2015-16 | 149 |
| 2016-17 | 134 |
| 2017-18- | 225 |
| 2018-19- | 208 |
| 2019 20 | 213 |
| 2020-21 | 88 |
| 2021-22 | 33 |
| 2022-23 | 180 |
| 2023-24 | 221 |
| 2024-25 | 224 |
| अप्रैल 2025 _ 30 जून | 63 |
| कुल सुपोषित बच्चे | 1953 |

## पोषण पुनर्वास केंद्र में बच्चों के साथ पालक भी होते हैं लाभान्वित



### एमसीएच बिल्डिंग में स्थित है एन आर सी

पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती बच्चों को सुपोषित करने हेतु जिला के जिलाधीश रणबीर शर्मा के निर्देश पर सीएमएचओ डॉ अमृत रोहडेलकर,सिविल सर्जन डॉ. लोकेश साहू, अस्पताल प्रमुख सलाहकार डॉ स्वाति यदु, के मार्गदर्शन एवं शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ दीपक कुमार निराला, चिकित्सा अधिकारी डॉ पवन वर्मा के देखरेख एवं फिडिंग डिमास्ट्रेटर श्रीमति दीप्ति धुरंधर व स्टॉफ नर्स कु. अंकिता वर्मा , श्रीमति लक्ष्मी-परगनिहा, ओर कुमारी रोहिणी चंद्राकर के देखरेख में रखा जाता है, साथ में श्रीमति नमिता दुबे (कुक) के द्वारा भोजन तैयार किया जाता है। इन सभी के योगदान से कुपोषित बच्चों को सुपोषित,कुपोषण से मुक्त होकर स्वस्थ्य बच्चे को घर जाने हेतु छुट्टी दिया जाता है,जिनसे राज्य और देश में कुपोषित बच्चों की दर में कमी होने पर योगदान भी रहता है।

## बैठक : लोकसभा सांसद विजय बघेल ने ली दिशा समिति की बैठक

# सांसद ने केंद्र की योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली व पारदर्शिता पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के जिले में क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु आज कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में लोकसभा सांसद विजय बघेल की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले में संचालित केंद्र प्रवर्तित योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बैठक की शुरुआत में जिले में विभिन्न योजनाओं की वर्तमान स्थिति और प्रगति की जानकारी सांसद श्री बघेल को दी। बैठक मे खाद्य मंत्री एवं नवागढ़ विधायक दयालदास बघेल, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, जनपद अध्यक्ष सहित जिला अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**कृषि, खाद्य, जल मिशन, मनरेगा पर विशेष जोर:** बैठक की शुरुआत एजेंडा अनुसार विभागवार समीक्षा से हुई। सर्वप्रथम कृषि विभाग से जानकारी ली गई, जिसमें श्री बघेल ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। पीएम किसान सम्मान निधि के अंतर्गत लाभान्वित किसानों की जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि योजनाओं की पहुंच अंतिम पात्र हितग्राहियों तक सुनिश्चित करने हेतु नियमित शिविरों का आयोजन कर जन-जागरूकता बढ़ाई जाए। खाद्य विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की प्रगति और तीन माह के राशन वितरण की स्थिति की समीक्षा की। जल जीवन मिशन के अंतर्गत पीएचई विभाग से जिले में पाइपलाइन विस्तार, जल प्रदाय एवं वर्षा ऋतु को देखते हुए सभी घरों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग निर्माण के निर्देश दिए। मनरेगा, जल संरक्षण और अमृत सरोवर योजना की समीक्षा करते हुए सांसद ने कहा कि जल संचयन एवं वृक्षारोपण जैसे कार्य सतत रूप से चलते रहने चाहिए। जिला पंचायत सीईओ द्वारा चल रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। पीएम आवास योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देशित किया कि सभी पात्र हितग्राहियों को समय पर आवास स्वीकृत किया जाए। सांसद ने लखपति दीदी योजना, स्वच्छ भारत मिशन, महिला-बाल विकास विभाग के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में रेडी टू ईट आपूर्ति की स्थिति की भी समीक्षा की।



### जनहित योजनाओं की प्रगति पर समेकित जानकारी प्रस्तुत

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, सर्व शिक्षा अभियान, मध्याह्न भोजन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना सहित अन्य योजनाओं के अंतर्गत जिले में चल रहे कार्यों की जानकारी जिला अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत की गई। सांसद श्री बघेल ने कहा कि ये सभी योजनाएं जनता की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को बेहतर बनाने हेतु केंद्र सरकार की प्राथमिकता हैं, और इनके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

### स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास पर रहा फोकस

श्री बघेल ने स्वास्थ्य विभाग से स्कूलों में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण, सम्पूर्ण टीकाकरण, कुपोषण की स्थिति और बच्चों के लिए पोषण संबंधी प्रयासों की जानकारी ली। शिक्षा विभाग से पीएम श्री योजना, शासकीय-अशासकीय स्कूलों में गणवेश एवं पुस्तकों के वितरण, शिक्षक उपलब्धता, पढ़ाई की स्थिति, व जर्जर भवनों की मरम्मत हेतु डीएमएफ व विधायक निधि से प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने की आवश्यकता जताई। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा करते हुए लंबित पेंशन भुगतान, अपूर्ण कार्यों में आ रही कठिनाइयों, और ठेकेदारों द्वारा कार्यों में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। सांसद श्री बघेल ने अधिकारियों से पारदर्शिता और समयबद्धता से कार्य करते हुए केंद्र की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की अपील की। साथ ही जनप्रतिनिधियों को भी योजनाओं के कार्यों की मॉनिटरिंग में भागीदारी निभाने को कहा, विशेषकर ग्रामीण एवं अंदरूनी क्षेत्रों में।

# बोहारडीह में एक माह बाद भी नहीं लगा ट्रांसफार्मर किसान हैं परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विद्युत वितरण केंद्र गोड़गिरी स्टेशन के अंतर्गत संचालित अटल ज्योति विद्युत कनेक्शन के अंतर्गत ग्राम बोहारडीह में दुर्गा मंदिर के पीछे संचालित सौ केवी का ट्रांसफार्मर लगभग एक माह पूर्व फेल हो चूका है। किन्तु एक माह के भीतर भी ट्रांसफार्मर नही लग सका है।

जिससे विद्युत संचालन सम्पूर्ण रूप से बाधित है जिसके चलते क़ृषि कार्य पूर्ण रूप से प्रभावित है जहाँ कई किसानों ने लाइन न होने पर मोटर पंप बंद होने की वजह से अब तक नर्सरी के लिए बीज का छिड़काव तक नही किया है वहीं दूसरी ओर जिन किसानों ने बीज का छिड़काव कर दिया है उनके धान की नर्सरी खेत में सूखा पड़ा हुआ है। फलतः विद्युत संचालन व्यवस्था बाधित होने की वजह से क़ृषि कार्य के प्रभावित होने से किसान काफ़ी परेशान है। उक्त मामले को लेकर किसान दो तीन दफा विद्युत वितरण केंद्र भिंभौरी का चक्कर भी काट चुके है। किन्तु ट्रांसफार्मर नही लगने की वजह से किसानों ने काफ़ी परेशान होकर गुरुवार को बेमेतरा कलेक्टर रणबीर शर्मा एवं बेमेतरा विधायक दीपेश साहू को ज्ञापन सौंपा। साथ ही किसानों ने किसान नेता योगेश तिवारी से दूरभाषा के माध्यम से संपर्क करने कर बात करने पर ट्रांसफार्मर नही लग पाने की सुचना दी।

- ग्रामीणों ने विधायक और कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, शीघ्र लगाने की मांग

बेमेतरा कलेक्टर रणबीर शर्मा को ज्ञापन सौंपने के दौरान ग्राम पंचायत खंघारपाट सरपंच कमल बघेल, पंच चंद्रकला वर्मा, होलेश्वरी वर्मा, छन्नू लाल, बिरेन्द्र वर्मा, अजय परगनिहा, मनोज साहू, जगराम साहू, दुर्गेश साहू एवं विकास कश्यप मौजूद रहे।

# खरीफ के लिए जिले को मिली एनपीके खाद व सुपर फास्फेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खरीफ फसलों की बोनी जिले में लगभग पूर्णता की स्थिति में है और धान की रोपाई का कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। इस बीच किसानों को खाद-बीज की कोई कमी न हो, इसके लिए जिला प्रशासन और कृषि विभाग की ओर से व्यापक तैयारी की गई है। कृषि विभाग के अनुसार, इस वर्ष जिले को गत वर्ष की तुलना में 141% सिंगल सुपर फास्फेट तथा 125% एनपीके खाद की आपूर्ति हो चुकी है। डीएपी खाद के मुकाबले एसएसपी और एनपीके खाद भी अत्यंत उपयोगी और पोषक तत्वों से भरपूर हैं। एसएसपी में 16% फास्फोरस और 11% सल्फर होता है, जो फसलों की बेहतर वृद्धि के लिए लाभकारी है।

### खाद वितरण की स्थिति और रणनीति

कृषि विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि राज्य शासन ने इस वर्ष सहकारी समितियों और निजी दुकानों को खाद आबंटन का अनुपात 70:30 रखा है, जबकि पहले यह 60:40 था। इसके तहत 70% या उससे अधिक खाद रैक पॉइंट से मार्कफेड के माध्यम से बेमेतरा को प्राप्त हो रही है। अब तक जिले को कुल 51054 मीट्रिक टन खाद प्राप्त हो चुकी है, जो इस वर्ष के संशोधित लक्ष्य 65015 मीट्रिक टन का 78.5% है। पिछले वर्ष के कुल खाद वितरण के विरुद्ध यह 83.76% है। किसानों को अब तक 42988 मीट्रिक टन खाद का वितरण हो चुका है, जो कुल उपलब्धता का 66.12% है।

▶▶| शेष पेज 13 पर



### कलेक्टर की अपील और निर्देश

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि किसानों को समय पर खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी समितियों में खाद-बीज का वितरण पंजीकृत किसानों को पारदर्शी ढंग से किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि डीएपी खाद के विकल्प के रूप में सिंगल सुपर फास्फेट और एनपीके खाद की उपयोगिता के बारे में किसानों को जागरूक किया जाए ताकि वे वैज्ञानिक विधि से खेती कर बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकें। कृषि विभाग ने बताया कि वर्तमान में 2649 मीट्रिक टन एसएसपी और 515 मीट्रिक टन एनपीके खाद समितियों में उपलब्ध है। कृषक बंधुओं से आग्रह किया गया है कि वे समितियों से शीघ्र खाद-बीज का उठाव करें। जिले में खरीफ सीजन 2025 के लिए खाद-बीज की समुचित उपलब्धता, वितरण और किसानों के मार्गदर्शन की पुख्ता व्यवस्था की गई है। इससे जिले में खेती-किसानी को गति मिलेगी और उत्पादन में वृद्धि की संभावना भी मजबूत हुई है।

# रिमझिम बारिश से किसानों को राहत, कीचड़ से साप्ताहिक बाजार में धंधा ठंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

क्षेत्र में गुरुवार को सुबह से ही रुक-रुक कर हो रही धीमी बारिश ने मौसम को तो ठंडा कर दिया, लेकिन आम जनजीवन को बेहाल कर दिया। इस बारिश से जहां किसानों को बड़ी राहत मिली है, वहीं नगर की गलियों और सड़कों पर कीचड़ व जलभराव से लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। बारिश के चलते नवागढ़ का साप्ताहिक बाजार भी प्रभावित रहा। बारिश के कारण बड़ी संख्या में दुकानदारों ने दुकानें नहीं लगाईं, वहीं जो लोग पहुंचे भी, उन्हें बारिश और कीचड़ के बीच खरीदी करने में मुश्किल हुई।

- नवागढ़ में दिनभर धीमी बारिश होती रही, जनजीवन अस्त-व्यस्त



**कृषि कार्यों को मिली गति:** किसानों के लिए यह बारिश राहत की फुहार बनकर आई है। लगातार उमस और बादल रहित मौसम के कारण खेतों में बुआई का कार्य रुक गया था। गुरुवार को हुई बारिश से खेतों में नमी आ गई है, जिससे अब बुआई कार्य तेज़ी से शुरू होने की संभावना है। वरिष्ठ किसान रोशन धर दीवान ने कहा कि पिछले दस दिनों से हम सिर्फ बादलों को निहार रहे थे। अब यह पानी बुआई के लिए संजीवनी साबित होगा।

### नगर में कीचड़, सड़कें बनी तालाब

बारिश के बाद नवागढ़ नगर की प्रमुख सड़कों, बस स्टैंड क्षेत्र और बाजार में कीचड़ हो गया। कई जगह कीचड़ फैलने से राहगीरों, खासकर दोपहिया वाहन चालकों और स्कूली बच्चों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ग्राम पंचायतों में भी हालात कुछ खास बेहतर नहीं रहे। सड़कें फिसलन भरी हो गईं और नालियों की सफाई न होने से गंदा पानी सड़कों पर फैल गया।

### जनता ने की निकासी व्यवस्था सुधारने की मांग

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि हर साल बारिश में यही हालात होते हैं, लेकिन नगर पंचायत द्वारा समय रहते नालियों की सफाई नहीं कराई जाती। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि नगर में शीघ्र जलनिकासी की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि बारिश का पानी सड़कों पर जमा न हो। **मौसम विभाग ने दी राहत की उम्मीद:** मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो-तीन दिन क्षेत्र में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है। इससे जहां मौसम सुहावना रहेगा, वहीं कृषि कार्यों को और रफ्तार मिलेगी।

## 7 को रायपुर में होने वाली किसान-जवान-संविधान सभा पर की चर्चा

# किसान-जवान व संविधान सभा के लिए कांग्रेस ने बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रायपुर में आगामी 7 जुलाई को आयोजित किसान-जवान-संविधान सभा को सफल बनाने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को राजीव भवन में कार्यकर्ताओं की बैठक ली। इस बैठक में बेमेतरा जिला कांग्रेस प्रभारी दीपक दुबे, विधानसभा प्रभारी सुनील माहेश्वरी तथा पूर्व संसदीय सचिव गुरु दयाल सिंह बंजारे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में जिलेभर से कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रभारी दीपक दुबे ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि यह जनसभा ऐतिहासिक होनी चाहिए, जिसमें बेमेतरा जिले की भागीदारी सबसे अधिक होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि यह सभा रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित होगी, जिसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं एआईसीसी के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। सभा को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर मेहनत करने तथा घर-घर जाकर जनता को इस आयोजन की जानकारी देने की बात कही गई। बैठक में सुमन गोस्वामी, सुजीत बघेल, विजय बघेल, टीआर जनार्दन, कविता साहू, हरीश साहू, रवि परगनिहा, विजय पारख, शशिप्रभा गायकवाड़, रीता पांडे, जोगेंद्र छाबड़ा, सनत धर दीवान, रीना वर्मा, मिथिलेश वर्मा, प्रांजल तिवारी, मोनल सिन्हा, रास बिहारी कुर्रे, भारत भूषण साहू, नवाज खान, रूबी सलूजा, रश्मि मिश्रा, टोकेश्वर साहू, योगिता साहू, शत्रुघ्न साहू, जावेद खान, सुनील नामदेव, देवेंद्र साहू, बहल वर्मा, ऋषि वर्मा, मोहित वर्मा, विवेक राजपूत, निलेश वैष्णव, जितेंद्र जोशी, नरेश सिंहा, भाव सिंह, राजकिशुन वर्मा, सीताराम यादव, श्रीराम यादव, बलवंत साहू, प्रदीप परगनिहा, अयोध्या चंद्राकर, रामखेलावन साहू, लल्लू शरीफ, इंदरचंद जैन, कौनैन अली समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# युक्तियुक्तकरण आदेश के खिलाफ कोर्ट जाने वाले 140 शिक्षकों की सुनवाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

युक्तियुक्तकरण आदेश के विरोध में हाईकोर्ट जाने वाले शिक्षकों की सुनवाई कलेक्टर ने बुधवार को शुरू कर दी। पहले दिन 35 शिक्षकों की सुनवाई की गई। अकेले दुर्ग जिले से 140 शिक्षकों की सुनवाई हो रही है जो हाईकोर्ट गए हैं। युक्तियुक्तकरण में पद छिपाने सहित अनेक विसंगतियों को लेकर शिक्षक साझा मंच ने एक दिन पहले यानी मंगलवार को ब्लॉक मुख्यालय में प्रदर्शन किया था। शिक्षक कोर्ट चले गए हैं और स्कूल नहीं जा रहे हैं। जिसकी वजह से सरकारी स्कूलों में पढ़ाई ठप हो गया है।

### शिकायतों के आधार पर सुनवाई

हाईकोर्ट जाने वाले शिक्षकों का आरोप हैं कि उनके साथ न्याय नहीं किया गया। कहीं पद छिपा लिए गए तो कहीं अपनों को बचाने के लिए जानबूझकर शिक्षकों को अतिशेष बनाया गया। दिव्यांग होने के बाद भी इसका फायदा नहीं मिला। इस तरह की शिकायतों को लेकर शिक्षकों पहले कलेक्टर में शिकायत की थी। यहां से कोई सुनवाई नहीं हुई तब हाईकोर्ट में चले गए। कलेक्ट्रेट में ऐसी ही शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है।

## दुर्ग कलेक्ट्रेट में पहले दिन 35 शिक्षकों की सुनवाई

### शिक्षक नहीं होने से पढ़ाई हो रही है प्रभावित

युक्तियुक्तकरण आदेश के बाद भी स्कूलों में शिक्षक नहीं हैं। इसलिए कि आदेश के खिलाफ शिक्षक कोर्ट गए हैं और जब तक निराकरण नहीं होगा स्कूल नहीं आएंगे। स्कूल खुले 17 दिन हो गए हैं और बच्चों की पढ़ाई बिना शिक्षकों की प्रभावित हो रही है। मौजूदाहालात में इस साल बच्चों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। स्कूलों में छुट्टी जैसा महौल है। आगे चलकर रिजल्ट पर भी असर पड़ेगा। पालक भी अपने बच्चों की पढ़ाई को लेकर चिंतित हैं।



**सुनवाई जारी**

जिन शिक्षकों ने युक्तियुक्तकरण आदेश को लेकर कोर्ट गए हैं उनकी कलेक्ट्रोरेट में सुनवाई शुरू की गई है। शिक्षकों का पक्ष सुना जा रहा है। ताकि सभी पक्ष संतुष्ट हो सके। **-अरविंद मिश्रा,** डीईओ दुर्ग

### युक्तियुक्तकरण में इस तरह चला खेला

1. सेजेस हिन्दी माध्यम हायर सेकंडरी स्कूल पेण्ड्रावन धमधा की व्याख्याता द्रय प्रीति राजपूत (वाणिज्य) एवं सुनैना शर्मा (अंग्रेजी) का गत वर्ष डी पी आई से स्थानांतरण हायर सेकेंडरी स्कूल लिटिया तथा हाईस्कूल मोहलई हुआ था परन्तु आज पर्यंत तक पेन्ड्रावन से कार्यमुक्त हुए ही नहीं और वही कार्यरत है। वेतन आहरण क्रमशः धमधा एवं मोहलई से आहरित हो रहा है। जो यह प्रमाणित करता है की ये पेण्ड्रावन के कर्मचारी नहीं है।

2. डीईओ कार्यालय के सलग्न सेजस जे आर डी स्कुल दुर्ग में व्याख्याता मंजित सिंह जो प्रभारी प्राचार्य विनायकपुर है व्या ख्याता लखन लाल साहू जो प्रभारी प्राचार्य मोहलई हैं। व्याख्याता रश्मि साहू सेजेस दीपक नगर में सेवा दे रही है जबकि इन तीनों व्याख्याताओ का वेतन भुगतान सेजेस जे आरडी दुर्ग से हो रहा है और अतिशेष की गणना से मुक्त रखा गया है।

3. सविता शर्मा व्याख्याता निकुम में पदस्थ हैं जिनका अध्यापन व्यवस्था केप 1 भिलाई में है। शासकीय चंद्रशेखर शेखर आजाद उ.मा.वि दुर्ग में ऐसे ही पाँच व्याख्याता अलग अलग शालाओं से विगत 4 से 5 वर्षों से संलग्न है।जबकि इनकी जानकारी या वेतन अन्यत्र शाला से होता है। नलिनी वर्मा वेतन व्यवस्था एवं जानकारी हायर से स्कूल बेलौदी से, जया कश्यप - आदर्श कन्या दुर्ग ,जागृति साहू-तिलक कन्या दुर्ग नीलम सेन-उरला दुर्ग ,सुनीता अग्रवाल-तेलीगुंडरा पाटन।

## खबर संक्षेप



### मर्चेंट मिल के कर्मियों को कर्म शिरोमणि सम्मान

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मिल्स ज़ोन–1 के अंतर्गत मर्चेंट एंड वायर राड मिल विभाग द्वारा कर्म शिरोमणि पुरस्कार" वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सीजीएम मुनीश कुमार गोयल थे। मर्चेंट मिल विभाग के रविकांत महाजन, तिलक राज,दीपेश कुमार विष्वास, केबी रोशन, मोहन लाल सिन्हा व अश्विनी कुमार साहू को कर्म शिरोमणि पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं वायर राड मिल विभाग से समी उल्लाह, गैंद लाल ठाकुर, रमेश कुमार, जागेश्वर सिंह ठाकुर, भागीरथी सिह व वी. रामचंद्र राव को "कर्म शिरोमणि" सम्मान प्रदान किया गया।

### पखवाड़ेभर में ग्रेच्युटी का सौंपा जाएगा चेक

**दुर्ग।** वित्त लेखा व अंकेक्षण विभाग प्रभारी नरेंद्र बंजारे ने अपने एमआईसी भवन के कक्ष में विभाग समिति की बैठक में लेखा व अंकेक्षण विभाग प्रभारी नरेंद्र बंजारे ने समिति के सदस्यों व अधिकारियों के साथ प्रभारी श्री बंजारे ने उपादान की राशि की समीक्षा कर अधिकारियों से कहा की उपादान राशि को लेकर सूची का अवलोकन किया। उन्होंने सूची जांच करने के बाद अधिकारी से कहाँ सूची अंतर्गत जितने भी नाम दर्ज है, सभी का जल्द उपादान की राशि किस्तों में भुगतान करें।

## पढ़ाई प्रभावित : किताबों में बार कोड स्केनिंग बनी मुसीबत

# जिले के 833 स्कूलों में नहीं बंटी किताबें, केवल 304 में स्केनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

किताबों की बार कोड स्केनिंग ने शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। स्कूल का नया शैक्षणिक सत्र 16 जून से शुरू हो गया है। यानी 17 दिन हो गए लेकिन विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए किताबें नहीं मिल पाई है। दुर्ग जिले में सरकार की नि:शुल्क पुस्तक वितरण योजना का हाल यह है कि 1137 स्कूल हैं जिसमें से 833 स्कूलों में किताबें नहीं बट पाई है। केवल 304 स्कूल ऐसे हैं जहां की किताबों की स्केनिंग की जा सकी है।


## स्कूल खुलने के 17 दिनों बाद भी विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए नहीं मिल पाई है किताबें

### शिक्षकों की बार कोड स्केन करने में छूट रहा पसीना

इस बार शासन ने हर किताबों पर बार कोड छपवाया है। इस बार कोड में हर किताबों की स्केनिंग करने के बाद ही विद्यार्थियों को वितरण करने का आदेश है। मोबाइल से लाखों किताबों की बार कोड स्केनिंग करने में शिक्षकों के पसीने छूट रहे हैं। स्केनिंग करने के बाद ही बच्चों को किताबें वितरण करना है। जिसकी वजह से जहां किताबें आ गई है लेकिन

### जिले में अब तक नहीं पहुंची 4 लाख से ज्यादा किताबें

जिले के 177 संकुल हैं। इन संकुलों में 103245 विद्यार्थियों को सरकारी किताबें दी जानी है। जिसके लिए 598406 किताबें इन संकुलों में राज्य से भेजी जानी है। वर्तमान में केवल 195315 किताबें ही राज्य से संकुलों में पहुंचाई गई है। यानी अब भी 403091 किताबें नहीं पहुंची है। ऐसी स्थिति में विद्यार्थियों की पढ़ाई काफी प्रभावित हो रही है।



### 17 दिनों से पढ़ाई हो गई है ठप

स्कूल खुलने के बाद 17 दिनों से पढ़ाई ठप है। विद्यार्थी बताते हैं कि वे स्कूल आ रहे हैं लेकिन किताब नहीं होने की वजह से पढ़ाई ही नहीं हो पा रही है। पुस्तकें कब तक मिलेगी इसकी भी जानकारी शिक्षक नहीं दे पा रहे हैं। शिक्षक क्लास में आते हैं और औपचारिकताएं पूरी कर चले जाते हैं। ऐसे में कोर्स भी पिछड़ेगा और रिजल्ट भी प्रभावित होगा।

### निर्देश का पालन

पुस्तकें राज्य से संकुलों में सीधे पहुंच रही है। राज्य के निर्देश हैं कि किताबों में बार कोड की स्केनिंग के बिना बच्चों को पुस्तकें नहीं बांटी जाए। निर्देश का पालन कर रहे हैं।
**-गौरा शुक्ला,** नोडल अधिकारी पुस्तक वितरण दुर्ग

### पाटन ब्लॉक में मात्र 34 स्कूलों में स्केनिंग की जा चुकी

दुर्ग जिले के पाटन ब्लॉक में 342 स्कूलों के विद्यार्थियों को किताबें बांटी जानी है। हाल यह है कि यहां केवल 34 स्कूलों की किताबें ही स्केनिंग हो पाई है। यानी 299 स्कूलों में किताबों की स्केनिंग नहीं हो पाई है। यहां 31326 किताबें पहुंचाई गई है।

### दुर्ग ब्लॉक में 265 स्कूलों में अब तक स्केनिंग नहीं

जिले के दुर्ग ब्लॉक में 446 स्कूलों के विद्यार्थियों को किताबें वितरण होना है। यहां भी स्थिति बेहद दयनीय है। सबसे बड़े इस ब्लॉक में 181 स्कूलों में किताबों की स्केनिंग हो पाई है। अब भी 265 स्कूल ऐसे हैं जहां किताबों की स्केनिंग नहीं हो पाई है।

### धमधा ब्लॉक में 49 स्कूलों में दिक्कत अब भी बरकरार

जिले के धमधा ब्लॉक में 329 स्कूल के विद्यार्थियों को किताबें बांटी जाएगी। वर्तमान में इस ब्लॉक में 280 स्कूलों में किताबें स्केनिंग की जा चुकी है। यहां 49 स्कूल ऐसे हैं जहां किताबों की स्केनिंग नहीं की जा सकी है। जिसकी वजह से किताब वितरण प्रभावित है।

# भारी पड़ सकती है बीएसपी के विस्तार व आधुनिकीकरण परियोजना में लेटलतीफी



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

- प्रभावित होगा सेल का उत्पादन लक्ष्य
- लागत भी बढ़ जाएगी और कर्मियों की सुविधाओं पर पड़ेगा असर

सेल के सबसे बड़े प्लांट भिलाई इस्पात संयंत्र की विस्तारीकरण और आधुनिकीकरण परियोजना (एक्सपांशन प्रोजेक्ट) -2 में लेटलतीफी बीएसपी सहित सेल को भारी पड़ सकती हैं। लगभग 25 हजार करोड़ का का यह प्रोजेक्ट पिछले तीन साल से लंबित है। विलंब से कंपनी को उत्पादन लक्ष्य सहित कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

बीएसपी के पिछले एक्सपांशन प्रोजेक्ट-1 की तरह प्रोजेक्ट 2 में भी विलंब हो रहा है। बीएसपी के विस्तार की जिस परियोजना को पूर्णता की ओर होना था,वह अब तक शुरु ही नहीं हो सकी है। रशियन तकनीक से बने पैंसठ साल पुराने हो चुके बीएसपी के आधुनीकीकरण के लिए वर्ष 2017 में एक्सपांशन प्रोजेक्ट पूर्ण होने के बाद करीबन आधा प्लांट आधुनिक हो चुका है। इससे प्लांट की स्टील उत्पादन क्षमता 5 मिलियन टन से बढ़कर 7 मिलियन टन हो गयी है। आगे 10 मिलियन टन उत्पादन लक्ष्य के लिए एक्सपांशन प्रोजेक्ट -2 को वर्ष 2022 में शुरु किए जाने की योजाना थी लेकिन यह अब तक शुरु नहीं हो पाया है। विलंब का असर बीएसपी व सेल सहित कर्मियों की सुविधाओं पर भी पड़ेगा। यूनियन सूत्रों के मुताबिक बीएसपी के विस्तार योजना (एक्सपांशन प्रोजेक्ट में लगातार विलंब से उत्पादन लागत बढ़ रही है। इसका असर कर्मियों की वित्तीय सुविधाओं पर पड़ सकता है वहीं बीएसपी के 10 मिलियन टन और वर्ष 2031 में सेल के 30 मिलिटन टन उत्पादन के लक्ष्य को पूर्ण करने में मुश्किल होगी। इससे घरेलू व वैश्विक बाजार में सेल के आर्डर व डिमांड प्रभावित होंगे। प्रतिस्पर्धी निजी कंपनियां आर्डर झटक ले जाएंगी। फिर बीएसपी में अनुभवी कर्मियों व टेक्नोक्रेट के रिटायर होने से इस प्रोजेक्ट को पूर्ण करने में भी कठिनाई का सामना करना पड़ेगा।

### नए एक्सपांशन प्रोजेक्ट में यह

नए एक्सपांशन प्रोजेक्ट के पूर्ण होने से पूरे बीएसपी के बचे हिस्से आधुनिकीकरण पूर्ण हो जाएगा। उत्पादन क्षमता भी बढ़ जाएगी। नए प्रोजेक्ट के तहत आधा दर्जन नई यूनिटों का निर्माण होगा। इसके तहत साढ़े तीन मिलियन टन व साढ़े तीन मिलियन टन क्षमता के दो ब्लास्ट फर्नेस बनना है। नया स्टील मेल्टिंग शांप (एसएमएस) और कोको ओवंस बैटरी-12 व नई यूनिवर्सल रेल मिल बनना है।

### पिछला प्रोजेक्ट भी हुआ लेट

बीएसपी का पिछला प्रोजेक्ट भी विलंब से पूर्ण हुआ था। तत्कालीन इस्पात मंत्री रामविलास पासवान के कार्यकाल में शुरु हुआ यह प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री मोदी के दबाव के बाद वर्ष 2016-17 में पूर्ण हो सकता था। इसकी उत्पादन लागत बढ़ जाने का असर कर्मियों की सुविधाओं में कटौती के रुप में हुआ था। पिछले प्रोजेक्ट के तहत यूनिवर्सल रेल मिल(यूआरएम), महामाया ब्लास्ट फर्नेस,आरएमपी -3, बीआरएम व एसएमएस-3 का निर्माण किया गया था। इसके पूर्ण हो जाने से बीएसपी की उत्पादन क्षमता 5 एमएल से बढ़कर 7 मिलियन टन हो गई।

# 2017 से नहीं मिला तीसरा मानदेय, नाराज बीएसएनएल कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग





बीएसएनएलईयू के केन्द्रीय मुख्यालय ने देशभर में अपने विभिन्न मांगों को हासिल करने के लिए प्रदर्शन का निर्देश दिया। इसे लेकर बुधवार को बीएसएनएल के मेनगेट में कर्मचारियों ने भोजन अवकाश के दौरान प्रदर्शन और नारेबाजी की।

सर्किल सेक्रेटरी आरएस भट्ट ने कर्मचारियों की प्रमुख मांग में 2017 से देय तीसरा वेतनमान है। सरकार बीएसएनएल को घाटे में होने के कारण नहीं देने की बात लोकसभा और राज्यसभा में कही है। लेकिन सरकार घाटे वाली सार्वजनिक कंपनी आईटीआई के कर्मचारियों को नया वेतनमान दिया है। इस दोहरा मापदंड को बीएसएनएल कर्मचारी बर्दाशत नहीं करेंगे। सरकार के हठधर्मिता पर कर्मियों का आंदोलन तीव्र होगा। भट्ट ने कहा सरकार के उद्योगपति पोषित नीति के खिलाफ देश के सभी कर्मचारी संगठनों ने मिलकर 9 जुलाई को आम हड़ताल की घोषणा की है। बीएसएनएल के कर्मचारियों से 9 जुलाई की आम हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया है। प्रदर्शन के दौरान डीके सिंह, दिनेश साकरे, छगनलाल निषाद, पीके वर्मा, अविनाश, महेश, अमिता, रामेश्वरी, धानोता आदि मौजूद थे।

# डिप्टी रजिस्ट्रार कार्यालय का सर्वर डाउन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

- भिलाई-3 उपपंजीयक कार्यालय में दिनभर लोग हलाकान



भिलाई तीन उप पंजीयक कार्यालय में बुधवार को लोगों को भारी हलाकान होना पड़ा। दिनभर सर्वर डाउन होते रहने से रजिस्ट्री का काम बहुत प्रभावित हुआ। इसके चलते लोगों को लोगों को घंटों इंतजार करने करना पड़ा कई लोगों को बैरंग भी लौटना पड़ा।

आनलाइन सिस्टम बीमार होने के लिए चर्चित भिलाई तीन डिप्टी रजिस्ट्रार आफिस में आज रजिस्ट्री कराने आए लोगों का बारिश में पसीना छूट गया। दिनभर रुक रुक कर सर्व डाउन होता रहा है।

इससे रजिस्ट्री कराने वालों के मोबाईल सेट पर ओटीपी नहीं आने से रजिस्ट्री नही हो पा रही थी। लोग लंबी लाइन में घंटों इंतजार करते रहे। पंद्रह बीस मिनट सर्वर ठीक होता तो फिर कुछ देर बाद डाउन हो जा रहा था। शाम पांच बजे तक यही सिलिसला चलता रहा। जामुल खेरथा, भिलाई तीन आदि से रजिस्ट्री कराने आए लोगों ने बताया कि सर्वर डाउन होने से रजिस्ट्री का काम बुरी तरह प्रभावित हुआ। आन लाइन सिस्टम बैठ जाने की यह आए दिन की समस्या है। फिर कार्यालय लोगों बैठने या छाया की कोई व्यवस्था भी नहीं की गई है। इसके चलते लोग बारिश व धूप में हलाकान होते रहते हैं। डिप्टी रजिस्ट्रार कार्यालय में रोज पचास से अधिक रजिस्ट्री होती है । अधिकतर लोग ग्रामीण क्षेत्र के होते है। इन दिनों खेती किसानी का काम चल रहा है।

# राजेन्द्र पार्क से आईएमए चौक और धमधा मार्ग से बनेगी फोरलेन सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

- मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना से शहर को मिलेगी दो बड़े प्रोजेक्ट की सौगात





मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के तहत शहर में 25 करोड रूपए की लागत से दो बडे फोरलेन सडक का निर्माण होगा। इस चौडीकरण योजना का डीपीआर बनाकर नगरनिगम ने राज्य शासन को भेज दिया है। इस प्रस्ताव में राजेन्द्र पार्क से शहीद चौक और शहीद चौक से आईएमए चौक तक फोरलेन सडक बनेगी, वही दूसरी तरफ धमधा मार्ग से आदित्य नगर होकर रायपुर अंडरब्रिज की ओर हनुमान नगर तक चौडीकरण किया जाएगा।

राज्य शासन से प्रस्ताव की स्वीकृति मिलने के बाद दोनो कार्य शुरू कर दिया जाएगा। राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के तहत प्रदेश के निकायों को फंड उपलब्ध करा रही है। इस योजना से शहर में बढते यातायात दबाव को कम करने में राहत मिलेगी। राजेन्द्र पार्क से शहीद चौक होते ही आईएमए चौक तक फोरलेन का निर्माण करने 13 करोड का प्रस्ताव भेजा गया है। राजेन्द्र पार्क से रेल्वे स्टेशन की ओर यातायात दबाव अधिक होता है। यहां से रेल्वे स्टेशन जाने और धमधा, बेमेतरा जाने के लिए सडक का उपयोग किया जाता है। जिसके चलते दिनभर सडको में न सिर्फ वाहनों का दबाव बल्कि आसपास के लोगों को सकरी सडक के चलते पार्किंग की समस्या भी झेलनी पडती है। बडी बात यह है कि, इस मार्ग में सडक किनारे मनमानी पार्किंग से आय दिन दुर्घटना की स्थिति निर्मित होते रहती है। पार्किंग के चलते यहां सडक सक्रीय हो रही है। यहां दो पहिया से लेकर बस व हैवी ट्रके भी चलती है। लेकिन फोरलेन का निर्माण होने से दोनो ओर चालीस फीट से अधिक की चौडाई मिलेगी।

## भिलाई निगम वाहन शाखा प्रभारी के बैठक को लेकर बवाल

# प्रभारी : बिजली और स्वास्थ्य विभाग के ठेकेदार कर रहे निगम के वाहनों का मुफ्त उपयोग, निगमः ऐसा इस्तेमाल नहीं हो रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई निगम में मंगलवार को एमआईसी मेंबर व वाहन शाखा प्रभारी लालचंद वर्मा की बैठक को लेकर बवाल खड़ा हो गया है। प्रभारी लालचंद वर्मा ने अपनी जारी प्रेस विज्ञप्ति में यह साफ किया था कि निगम के बिजली और स्वास्थ्य विभाग के ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने के लिए निगम द्वारा उन्हे मुफ्त में जेसीबी, डंपर, डीजल और ड्राइवर तक मुहैया करवाया जा रहा है। इससे निगम को आर्थिक क्षति पहुंच रही है। इधर बुधवार को निगम ने इसका खंडन जारी किया है। निगम के हिसाब से वस्तु स्थिति यह है कि नगर निगम भिलाई में ठेका सफाई कार्य हेतु अनुबंधित एजेंसी को निगम द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले संसाधनों (मिनी टिप्पर, ई-रिक्शा, ट्रेक्टर ट्राली, मेनुवल रिक्शा, हैण्ड ट्राली) का किराया ठेकेदार के देयक से कटौती की जाती है। जे.सी.बी, डम्पर और ड्राइवर ठेकेदार द्वारा किराये के वाहन लगाकर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित किया जाता है। सफाई कार्य में निगम की जेसी.बी. एवं डम्पर का उपयोग नहीं किया जाता है। अनुबंध शर्तो के अनुसार यदि निविदाकार को जे.सी.बी, डम्पर आवश्यकता पड़ने पर निगम से लिए जाने तथा नियमानुसार देयक से किराया कटौती किये जाने का प्रावधान है। यदि इसका उपयोग होने की दशा में निगम अनुबंध शर्तो के अनुसार निविदाकार को उपलब्ध कराकर किराये की राशि वसूली किये जाने की कार्यवाही करने के लिए सक्षम है। निविदाकार के अनुबंध में सी.एण्ड.डी मटेरियल उठाने एवं परिवहन करने का कार्य एवं सेक्शन युनिट मशीन, जेटिंग मशीन से संबंधित कार्य अनुबंध में नहीं होने से जोन कार्यालय के माध्यम से निगम की जेसीबी, डम्पर, सेक्शन युनिट मशीन, जेटिंग मशीन का उपयोग किया जाता है। इसी तरह बिजली कार्य के लिए उपयोग में आने वाले संसाधन जैसे- एलिवेटर जो निगम में उपलब्ध है। निविदाकार अनुबंध शर्तो में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार निगम से प्राप्त कर उपयोग कर सकता है। जिसका नियमानुसार राशि निगम में जमा करने के प्रावधान अनुबंध शर्तो के अंतर्गत है। जिसका पालन नियमानुसार निविदाकार द्वारा किया जा रहा है।

### जांच का विषय

निगम की किसी भी वाहन को ठेकेदार इस्तेमाल करता है तो नियम व शर्तों के अनुबंध के हिसाब से निर्धारित किराया निगम को देना होता है। ईंधन व्यय स्वयं का होगा। विद्युत और स्वास्थ्य विभाग में भी इसी के तहत ठेका दिया गया है। यदि कोई गड़बड़ी है तो यह जांच का विषय है।
**-नीरज पाल,** महापौर

### आयुक्त ने नहीं किया स्पष्ट, संशय बरकरार

हरिभूमि ने एमआईसी मेंबर व वाहन शाखा प्रभारी लालचंद वर्मा की जारी विज्ञप्ति पर निगम का पक्ष जानने के लिए निगम आयुक्त राजीव पांडेय के मोबाइल नंबर 9425649105 पर दो बार फोन किया। उन्होंने फोन नहीं रिसीव किया। उसके बाद आयुक्त के वाट्सएप नंबर पर मैसेज भेजकर जानकारी मांगी गई, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया था। इधर लालचंद वर्मा से भी मोबाइल पर निगम द्वारा बुधवार को खंडन वाली जारी विज्ञप्ति पर बयान लेना चाहा तो उनका नंबर स्वीच ऑफ आया।

खबर संक्षेप

### कर्मचारियों को शेयर में निवेश की अनुमति

**कवर्धा।** सामान्य प्रशासन विभाग ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 में संशोधन अधिसूचित किया है, जिसके तहत भारत सरकार के प्रावधानों की तर्ज पर अब राज्य के शासकीय सेवकों को शेयर, प्रतिभूतियों, डिबेंचर्स व म्युचुअल फंड्स में निवेश की अनुमति दी गई है। यह संशोधन नियम 19 में नया उप-खंड जोड़ते हुए लागू किया गया है, जिसका उद्देश्य वित्तीय लेनदेन में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। किसी प्रकार से उसे छिपाना नहीं होगा। हालांकि, अधिसूचना में यह स्पष्ट प्रावधान किया गया है कि इंट्रा-डे ट्रेडिंग, बीटीएसटी, फ्यूचर एंड ऑप्शंस व क्रिप्टोकरेंसी जैसे प्रकृति के निवेश गतिविधि पर रोक लागू रहेगी। इसमें किसी प्रकार की संलिप्तता नहीं रहेगी।

### मैनपुरी स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला मैनपुरी में शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास और उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन व मां सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक, पुष्प वर्षा, गणवेश, नए पाठ्य पुस्तक और उपहार देकर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्कूल स्टाप तथा बड़ी संख्या में पालक व विद्यार्थी उपस्थित थे।


**स्वास्थ्य : सर्पदंश से बचने स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी**

# सर्पदंश पर झाड़-फूंक में समय कदापि न गवाएं, पीड़ित को शीघ्र अस्पताल पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

स्वास्थ्य विभाग ने सर्पदंश पर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के निवासी के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए कहा, बरसात का मौसम शुरू होते ही वातावरण में नमी और उमस बढ़ने तथा वर्षा का पानी जब उनके बिलों में भर जाने के कारण अपने भोजन की तालाश में जहरीले कीट, सांप बिच्छु सुरक्षित स्थान की तलाश में अक्सर बाहर आ जाते हैं तथा भोजन की खोज में घरों में घुस जाते हैं और लोगों को काटने का खतरा बढ़ जाता है। जिससे सर्पदंश की घटनाएँ बढ़ जाती हैं। सर्पदंश से अधिकांश व्यक्तियों की आकस्मिक मृत्यु हो जाती है। ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामीण सर्पदंश के मामले में चिकित्सा विज्ञान पर विश्वास नहीं रखते है तथा बैगा गुनिया से झाड-फूक कराते हैं एवं अंधविश्वास व अज्ञानता के कारण असमय कालकवलित हो जाते हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत रोहडेलकर ने जानकारी देते हुए बताया कि झाड़-फूक से किसी भी सर्पदंश से पीड़ित व्यक्ति की जान नही बचाई जा सकती है। अंधविश्वास के कारण ग्रामीण संर्पदंश के मामलों में झाड-फूक में समय नष्ट कर मरणासन्न स्थिति में पीड़ितों को चिकित्सालय लाया जाता है, जिससे ऐसे प्रकरणों में जीवन बचाने में चिकित्सक भी असफल रहते हैं। उन्होंने बताया कि जिले के ग्रामीण क्षेत्र में सर्पदंश के प्रकरणों में बचाव हेतु जनसामान्य में जागरूकता लाने हेतु विभागिय स्तर पर सभी अधिकारियों कर्मचारियों को नागरिकों को व्यापक स्वास्थ्य शिक्षा देने व सजग रहने की हिदयत दी गई है। वर्तमान स्थिती में जिला चिकित्सालय सहित विकासखण्ड मुख्यालय स्थित सामु. स्वास्थ्य केन्द्रों में सर्पदंश के प्रकरणों का निःशुल्क ईलाज हेतु पर्याप्त मात्रा में दवाईयां (एण्टी स्नेक वेनम ) उपलब्ध है।



### टार्च रखें तथा जूते अवश्य पहनें

अगर आप घर से बाहर जा रहे हैं और उस क्षेत्र में पर्याप्त रोशनी नहीं है, तो अपने साथ टार्च अवश्य रखें तथा जूते अवश्य पहनें। घरों में समुचित प्रकाश की व्यवस्था बनाए रखें। घरों में कूड़े करकट का ढेर लगाकर न रखें। शयन कक्ष में भोजन सामग्री, धान आदि न रखें, ताकि चूहे का आना कम हो। आपके पड़ोस या आस-पास के इलाके में सांप के काटने की स्थिति में घबराएं नही, घबराने से हृदय गति बढ़ सकती है और सर्पदंश के शिकार व्यक्ति के लिए यह घातक साबित हो सकता है, क्योंकि इससे विष तेजी से पूरे शरीर में फैल सकता है। सर्पदंश वाली जगह के उपरी हिस्से को कपड़ा या रस्सी से न बांधे। अधिकांश परिस्थितयों में बेहद हानिकारक हो सकती है। सांप के काटने वाली जगह पर कुछ भी बॉधने से उपचार के लिए हटाये जाने पर विष का तेजी से असर हो सकता है। सर्पदंश से प्रभावित अंग को हिलाए डुलाएं नहीं । हिलाने -डुलाने से शरीर के अन्य अंगों में जहर तेजी से फैल सकता है। सर्पदंश से पीड़ित व्यक्ति को काटने वाली जगह के आसपास काटे और जलाएं नहीं। झोलाछाप चिकित्सक या झाड़-फूक के पास न जावें। सांप के काटने का एकमात्र इलाज अस्पताल में दिए जाने वाले एंटीवेनम के माध्यम से होता है। सर्पदंश पश्चात नजदीकी सामु. स्वास्थ्य केन्द्र अथवा जिला चिकित्सालय में बिना विलंब किए चिकित्सक से परीक्षण व उनके सलाह के अनुसार तत्काल उपचार करावें। कलेक्टर रणबीर शर्मा व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत रोहडेलकर ने जिले के सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे सर्पदंश के मामले में तत्परतापूर्वक नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में नि-शुल्क उपचार प्राप्त करें, जिससे सर्पदंश से असामयिक मृत्यु की रोकथाम हो सके। साथ ही आपात स्थितियों पर क्षेत्र के आर.एच.ओ. या मितानिन से संपर्क कर सर्पदंश से पीड़ित व्यक्ति को तत्काल समीपस्थ अस्पताल पहुँचाये।

### सर्पदंश से बचने के उपाय

अंधेरे में जाने से पहले अपने साथ टार्च अवश्य रखें तथा जूते अवश्य पहनें। घरों में समुचित प्रकाश की व्यवस्था बनाए रखें। घरों में कूड़े करकट का ढेर लगाकर न रखें।शयन कक्ष में भोजन सामग्री, धान आदि न रखें, ताकि चूहे का आना कम हो। सांप के काटने की स्थिति में घबराएं नही बल्कि पीड़ित को धैर्य बंधाएं और अस्पताल ले जाने की व्यवस्था करें। सर्पदंश वाली जगह के उपरी हिस्से को कपड़ा या रस्सी से न बांधे। शरीर के अन्य अंगों में जहर तेजी से फैल सकता है। सर्पदंश से पीड़ित व्यक्ति को काटने वाली जगह के आसपास काटे और जलाएं नहीं। झोलाछाप चिकित्सक या झाड़-फूक के पास न जावें। सांप के काटने का एकमात्र इलाज अस्पताल में दिए जाने वाले एंटीवेनम के माध्यम से होता है। सर्पदंश की जानकारी होने पर नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अथवा जिला चिकित्सालय में बिना विलंब किए चिकित्सक से परीक्षण व उनके सलाह के अनुसार तत्काल उपचार करवाएं।

## सरकारी दफ्तरों में हफ्ते में सिर्फ पांच दिन का वर्किंग डे, उस पर भी काम चोरी

- कलेक्टर ने जिला पंचायत, जिला अस्पताल और स्कूल में अचानक दी दबिश, दर्जनों में मिले अनुपस्थित

**कवर्धा।** सरकारी नियम के अनुसार हप्ते में सिर्फ पांच दिन अथवा साढ़े 37 घंटे की तथा कथित सेवा देने वाले जिले के सरकारी कार्यालयों व विभागों में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारी अपने कर्तव्यों और दायित्वों के प्रति किस तरह घोर लापरवाही तथा गैरजिम्मेदारी बरत रहे हैं इसका प्रत्यक्ष उदाहरण गुरूवार को उस समय देखने को मिला जब कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सुबह जिला मुख्यालय में प्रशासनिक अनुशासन और समयबद्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पंचायत, जिला अस्पताल और करपात्री स्कूल में आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने अनुशासनहीन अधिकारियों-कर्मचारियों को आड़े हाथों लिया। निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में कर्मचारी निर्धारित समय के बाद कार्यालय पहुंचे, जिस पर कलेक्टर ने मौके पर ही नाराजगी जताते हुए शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसे हद ही कहें की सीधे जिले के गांव, गरीब और किसानों के साथ आम जनो से सरोकार रखने वाले जिला पंचायत कार्यालय में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा उपस्थिति रजिस्टर की जांच में एक दो नहीं बल्कि कुल 42 कर्मचारी देर से कार्यालय पहुंचे हैं। इस पर कलेक्टर श्री वर्मा ने सभी के नाम के सामने टीप अंकित कर संबंधितों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। मौके पर मौजूद कुछ कर्मचारियों ने अपनी गलती स्वीकारते हुए सार्वजनिक रूप से कान पकड़कर क्षमा याचना की और भविष्य में समय का पूर्ण पालन करने का संकल्प भी लिया। कलेक्टर श्री वर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिला पंचायत और जिला अस्पताल जैसे जनसेवा से जुड़े संस्थान आम जनता की मूलभूत आवश्यकताओं से संबंधित हैं। राज्य शासन ने कार्यदिवस का समय सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक निर्धारित किया है। ऐसे में यह अपेक्षित है कि सभी अधिकारी और कर्मचारी समय की गंभीरता को समझते हुए निर्धारित अवधि में कार्यालय में उपस्थित रहें।

# एक करोड़ का अवैध पान मसाला और तंबाकू जब्त

## कुकदुर पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई/कुकदुर

नशा के खिलाफ पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत कुकदुर पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए एक ट्रक अवैध पान मसाला और तंबाकू जप्त की है। इस मामले में जहां पुलिस ने एक आरोपी को भी दबोचा है वहीं अवैध पान मसाला तथा तंबाकू के परिवहन में प्रयुक्त ट्रक को भी जप्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुकदुर पुलिस ने थाना क्षेत्र से गुजरने वाले पंडरिया-बजाग मार्ग में वाहनो की नियमित जांच के दौरान शंका के आधार पर ट्रक क्रमांक एचआर 55 एके 9119 की तलाशी ली। कुकदुर पुलिस ने बताया कि तलाशी के दौरान ट्रक में भारी मात्रा में पान मसाला तथा तंबाकू भरी पाई गई। जिसमें 100 बोरी पान मसाला और 20 बोरी च्युइंग तंबाकू शामिल है। पुलिस के मुताबिक आरोपी वाहन चालक ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह इस खेप को दिल्ली-पंजाब-आसाम रोड लाइंस के जरिए ले जा रहा था। लेकिन इस समाग्री के परिवहन संबंधी उसके पास किसी प्रकार के कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं थे। जिसके बाद पुलिस ने इस अवैध पान मसाला और तंबाकू तथा इसका परिवहन करने में प्रयुक्त ट्रक को जप्त कर लिया। वहीं ट्रक चालक सुरजीत सिंह आयु 24 वर्ष निवासी बरखेड़ा, थाना मलावन, जिला एटा उत्तर प्रदेश को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच उपरांत इस मामले में कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# बारिश में कवर्धा-रायपुर बाईपास का हालबेहाल

- वाहन चालकों को उठानी पड़ रही है भारी मुसीबत, दुर्घटना की आशंका बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

वर्षाकाल के इस सीजन में जिला मुख्यालय कवर्धा सहित आसपास के ईलाकों में बीते दो-तीन दिनो से लगातार हल्की तेज बारिश ने जिला मुख्यालय कवर्धा सहित अन्य ईलाकों की खस्ताहाल व जर्जर सड़कों का हालबेहाल कर दिया है। बात अगर कवर्धा-रायपुर बाईपास की करें तो बुरी तरह से जर्जर व खस्ताहाल यह मार्ग बारिश के बाद कीचड़ से लतपथ हो चुका है। मार्ग में जहां तहां निर्मित हो चुकी बड़े-बड़े गड्ढों में बारिश का पानी जमा हो गया है जो वाहन चालकों की समस्या को और ज्यादा बढ़ा रहे हैं। इस मार्ग से होकर गुजरने वाले वाहन चालकों ने बताया कि बारिश के बाद यह मार्ग चलने लायक नहीं रह गया है लेकिन मजबूरन लोगों को अपनी जान जोखिम में डालकर इसमें आना जाना करना पड़ रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि शासन द्वारा इस जर्जर और खस्ताहाल हो चुके कवर्धा-रायपुर बाईपास के नवीनीकरण के लिए राशि स्वीकृति की जा चुकी है लेकिन निर्माण कार्य अभी प्रारंभ नहीं हो पाया है। ऐसे में यह माना जा रहा है कि मार्ग से गुजरने वालों को कम से कम इस वर्षाकाल में तो अग्नि परीक्षा देनी ही पड़ेगी। इसी प्रकार पोंड़ी मुख्यालय से पंडरिया पहुंच मार्ग की बात की जाए तो पोंड़ी मुख्यालय की सड़क भी बारिश के इन दिनो में दलदल में तब्दील हो चुकी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि हाल ही में इस सड़क की खस्ताहाल व जर्जर स्थिति की शिकवा शिकायत किए जाने के बाद भगवान जाने किसके द्वारा गड्ढों को पाटने के लिए मिट्टी युक्त मुरूम डाल दी गई है जो बारिश के बाद पूरी सड़क में फिसलन फैदा कर रही है और लगातार मोटर सायकल चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो वर्षाकाल के इस सीजन ने जिले में खस्ताहाल व जर्जर सड़कों की पोल खोलते हुए सरकार के तथा कथित विकास के ढोल में पोल को उजागर कर दिया है।



# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने परसाही में शाला भवन का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र रेंगाखार के ग्राम परसाही में नव-निर्मित शासकीय माध्यमिक शाला भवन का विधिवत लोकार्पण किया। यह भवन 11 लाख 48 हजार रूपए की लागत से निर्माण एजेंसी द्वारा पूर्ण कराया गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत सदस्य राजकुमार मेरावी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे, नितेश अग्रवाल, कलेक्टर गोपाल वर्मा, अपर कलेक्टर विनय पोयाम, एसडीएम रुचि शार्दुल सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी और ग्रामवासी उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने लोकार्पण अवसर पर उपस्थित ग्रामीणजनों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज के समग्र विकास की नींव है। सुदूर और वनांचल क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। ग्राम परसाही में शासकीय माध्यमिक शाला भवन का निर्माण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। विद्यालय भवन के निर्माण से अब ग्रामीण विद्यार्थियों को बेहतर कक्षा-कक्ष, आधारभूत सुविधाएं एवं अध्ययन का सकारात्मक वातावरण मिलेगा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए उनकी मूलभूत आवश्यकताओं की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए।



### जिले से 3 एडवांस स्काउट मास्टर प्राकृतिक अध्ययन कैम्प में शामिल

**कवर्धा।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय स्काउटर एवं गाइडर प्राकृतिक अध्ययन, आपदा प्रबंधन, हाईक, एडवेंचर गत 24 जून से 02 जुलाई 2025 तक दिल्ली, कुल्लू-मनाली, शिमला एवं चंडीगढ़ में आयोजित किया गया। जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अजय चंद्रवंशी ने बताया कि इसमें कबीरधाम जिला से 03 एडवांस स्काउट मास्टर मालिक मरकाम शासकीय हाई स्कूल देवसरा, राजेश कुमार साहू शासकीय हाई स्कूल घोंघा एवं बिसेन सिंह मरकाम शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रेंगाखार कला, प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित होकर कबीरधाम जिले का प्रतिनिधित्व किया।

पेज 11 का शेष

### खरीफ के लिए जिले को ...

डीएपी खाद की उपलब्धता और विकल्प विभाग ने बताया कि डीएपी खाद की मांग को ध्यान में रखते हुए अब तक जिले में 6343 मीट्रिक टन डीएपी का भंडारण किया जा चुका है, जबकि संशोधित लक्ष्य 5667 मीट्रिक टन था। इस प्रकार 112% डीएपी खाद की आपूर्ति हो चुकी है। हालांकि डीएपी की सीमित उपलब्धता को देखते हुए, किसानों को एसएसपी और एनपीके खाद का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि विभाग ने सभी सहकारी समितियों में इस संबंध में बैनर और पोस्टर लगाए हैं और किसानों को जागरूक किया जा रहा है कि डीएपी के विकल्प में एसएसपी और एनपीके खाद भी वैज्ञानिक दृष्टिकोण से उत्तम हैं। **बीज वितरण में भी रिकॉर्डः** बीज वितरण के क्षेत्र में भी इस वर्ष उल्लेखनीय प्रगति हुई है। पिछले वर्ष 19742 क्विंटल बीज किसानों को वितरित किया गया था, जबकि इस वर्ष अब तक 22375 क्विंटल बीज वितरित किया जा चुका है। इस तरह 113.33% बीज वितरण हो चुका है, जो खेती-किसानी के प्रति किसानों की तत्परता और प्रशासन की प्रभावी रणनीति का प्रमाण है।

### देह व्यापार के मामले में दो गिरफ्तार, भेजे गए जेल



**कवर्धा।** शिकायतों के आधार जांच उपरांत स लोहारा पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लाखाटोला में लंबे समय से देह व्यापार जैसी अवैध गतिविधियों संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए आरोपियों के विरूद्ध धारा 170, 126 एवं 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लाखाटोला में लंबे समय से देह व्यापार जैसी अवैध गतिविधियों की सूचनाएं प्राप्त हो रही थीं, जिस पर पुलिस द्वारा लगातार सतर्क निगरानी रखी जा रही थी। पुलिस ने जांच उपरांत पुलिस ने देह व्यापार जैसी अवैध गतिविधियों लिप्त ग्राम लाखाटोला निवासी ईतवारी खुटेल पिता रूगु पटेल, आयु 40 वर्ष तथा श्रीमती ज्योति खुटेल पति ईतवारी खुटेल, आयु 40 वर्ष दोनों निवासी लाखाटोला, थाना सहसपुर लोहारा, को गिरफ्तार किया है। आयोजित के विरूद्ध देह व्यापार जैसी संगीन गतिविधियों में संलिप्त होने के कारण धारा 170, 126 एवं 135(3) बीएनएसएस के तहत इस्तगाशा क्रमांक 28/86/2025 तैयार कर एसडीएम न्यायालय लोहारा में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा वारंट जारी किए जाने पर अनावेदक ईतवारी खुटेल को जिला जेल कवर्धा तथा अनावेदिका महिला को महिला जेल दुर्ग भेजा गया।

**एनडीआरएफ टीम ने विद्यार्थियों को सिखाए जीवनरक्षक उपाय**

# प्राकृतिक आपदाओं से निपटने सभी को आना चाहिए तैरनाः कलेक्टर




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बाढ़ जैसी आपदा से बचाव के लिए सबसे पहली प्राथमिकता यह है कि सभी को तैरना आना चाहिए। यह न केवल एक कला है, बल्कि जीवन रक्षा का सबसे सरल और सशक्त उपाय भी है। यह बात जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय अंग्रेजी माध्यम, कवर्धा में आयोजित एक दिवसीय आपदा प्रबंधन कार्यशाला में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि कवर्धा में राष्ट्रीय स्तर के तैराकी प्रतियोगिता के लिए अत्याधुनिक स्वीमिंग पूल की सुविधा उपलब्ध है, जिसका उपयोग बच्चों को करना चाहिए। उन्होंने जब विद्यार्थियों से पूछा कि कितने बच्चों को तैरना नहीं आता, तो बड़ी संख्या में बच्चों ने हाथ उठाया। इस पर उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण बच्चों के आत्मबल और आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं, और ये जीवन भर काम आते हैं। उन्होंने आपदा से बचने के लिए सिखाए गए सभी उपायों को उपयोगी और कारगर बताया। यह एक दिवसीय कार्यशाला राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आयोजित की गई थी, जिसमें ओडिशा के कटक से विशेष रूप से आई एनडीआरएफ की टीम ने बाढ़, आंधी, तूफान, बिजली गिरने जैसी आपात परिस्थितियों से बचाव के व्यावहारिक उपाय बताए। विद्यार्थियों को सभागार में प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन के माध्यम से जीवन रक्षक विधियों से अवगत कराया गया। एनडीआरएफ टीम में शामिल इंस्पेक्टर आरके यादव ने बताया कि बाढ़ जैसी आपदाओं में सबसे जरूरी है घबराने की बजाय सोच-समझकर सुरक्षित स्थान की ओर बढ़ना। पास में कोई मजबूत वस्तु हो तो उसका सहारा लें, और बिजली के खंभों व गिरे पड़ों से दूरी बनाए रखें। घर में बोतल, बाल्टी, ट्यूब जैसी वस्तुएं आपात स्थिति में सहायक हो सकती हैं। विवेक पाण्डेय ने कहा कि बिजली गिरने की स्थिति में खुले मैदान, पेड़ों के नीचे खड़े होना खतरनाक है। ऐसी स्थिति में सुरक्षित भवन या वाहन में शरण लेना सबसे बेहतर उपाय होता है। भूकंप की स्थिति में लिफ्ट का उपयोग न करें, किसी मजबूत कोने में जाकर सिर व गर्दन को ढक लें। कार्यक्रम में एसडीएम श्री रावटे, जिला बाढ़ आपदा प्रबंधन के नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर बीआर देवगन ने भी विद्यार्थियों को व्यावहारिक जानकारियां देते हुए प्राकृतिक आपदा से निपटने के उपायों को विस्तार से समझाया।

# टीचर्स एसोसिएशन ने डीईओ से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी वाईडी साहू से मुलाकात कर शिक्षकों के सात सूत्रीय स्थानीय समस्याओं के संबंध में विस्तार से चर्चा कर अविलंब निराकरण की मांग किया। चर्चा के दौरान एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि शिक्षक संवर्ग के सेवापुस्तिका एवं जीपीएफ पासबुक का अद्यतन संधारण के लिए जिले के सभी बीईओ व डीडीओ प्राचार्य कार्यालय में कैम्प लगाकर शिक्षकों से सेवा पुस्तिका में हस्ताक्षर लिया जावे। जिले के सहायक शिक्षकों को प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के रिक्त पदों पर पदोन्नति दिया जावे। दो शिक्षक अर्थात एक प्रधान पाठक व एक सहायक शिक्षक वाले प्राथमिक शालाओं के लिए प्रतिदिन अध्यापन हेतु समय-सारणी जिला स्तर से जारी किया जावे, ताकि दो शिक्षक पांच कक्षाओं के 18 कालखंड में व्यवस्थित रूप से अध्यापन कर सके। कोरोना काल के दौरान निधन हुए शिक्षकों के आश्रितों को सहायक ग्रेड-3 व भृत्य के पदों पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान किया गया है, लेकिन तीन साल की निर्धारित परिवीक्षा अवधि पूर्ण करने के बाद भी परिवीक्षा अवधि समाप्ति का आदेश आज पर्यन्त तक जारी नहीं किया गया है। शिक्षकों को मिलने वाले पुरस्कारों हेतु फाइल निर्धारित समय सीमा में उच्च कार्यालय में प्रेषित किया जावे, ताकि समय-सीमा में फाइल जमा करने वाले शिक्षक पुरस्कार से वंचित न हो। सहायक शिक्षकों के परिवीक्षा अवधि समाप्ति आदेश में हुए त्रुटियों में सुधार किया जावे। बीईओ व डीडीओ प्राचार्य द्वारा जिले के समस्त शिक्षकों को फॉर्म-16 निःशुल्क अविलंब प्रदान किया जावे, ताकि आईटीआर समय-सीमा में भर सकें। डीईओ ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि शिक्षकों के स्थानीय समस्याओं का निराकरण शीघ्र ही कर लिया जाएगा। सहायक ग्रेड-3 व भृत्य की परिवीक्षा अवधि समाप्ति आदेश इसी हफ्ते जारी हो जाएगा। सहायक शिक्षकों से प्राप्त आवेदन का परीक्षण कर परिवीक्षा समाप्ति आदेश में सुधार किया जा रहा है। प्राथमिक शाला का समय-सारणी जिला स्तर से जारी करने में असमर्थता व्यक्त करते हुए स्थानीय व्यवस्था के अनुसार अध्यापन करने की बात कहा है।

## खबर संक्षेप

### गली में फैली कीचड़

**मुरमुंदा।** जामरी की गली में कीचड़ फैली होने से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। मोहल्लेवासियों की शिकायत के बाद पंच- सरपंच से शिकायत के बाद ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मोहल्ले के चन्द्रशेखर चौहान ने बताया कि वार्ड की गाली में 12 माह कीचड़ रहती है। हर घर नल योजना के तहत नल लगाया है जिसका पानी बहते है। उन्होंने बताया कि इसी गाली से बच्चे स्कूल जाते है जो गई कई बार सायकिल से गिर जाते है। वार्डवासियों ने सीसी रोड बनाने की मांग की है।

### बकरकट्टा स्कूल से टाइल्स की चोरी

**गंडई पंडरिया।** थाना बकरकट्टा अंतर्गत प्राथमिक शाला बकरकट्टा के निर्माणाधीन भवन से लगभग 14 हजार मूल्य की 20 पेटी सफेद टाइल्स चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना 1 और 2 जुलाई की रात की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार ठेकेदार मनोज अग्रवाल के सुपरवाइजर तिहारी खुसरो निवासी ग्राम पोड़ी ने शिकायत में बताया कि प्राथमिक शाला में टाइल्स बिछाने का काम पूरा होने के बाद 1 जुलाई को 20 पेटी सफेद टाइल्स को एक कमरे में ताला लगाकर रखा था। अगले दिन 2 जुलाई को जब तिहारी खुसरो मौके पर पहुंचे तो देखा कि कमरे का ताला टूटा हुआ था। अंदर रखी 20 पेटी टाइल्स गायब थी। अज्ञात चोर टाइल्स चोरी कर ले गए थे। प्रार्थी के आवेदन के आधार पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है। चोरों की तलाश जारी है।

### शिशु मंदिर के बच्चों का स्वागत

**अर्जुनी।** ग्राम के सरस्वती शिशु मंदिर में गत दिनों प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि डॉ संदीप भट्टाचार्य थे। अध्यक्षता डॉ हंसराज झा ने की। अतिथियों ने बच्चों को किताब, कॉपी, पौधे वितरित किया।मुंह मीठा कराकर उनका स्वागत किया।कार्यक्रम में सरस्वती शिक्षा समिति अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रधान पाठक, शिक्षक-शिक्षिका एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### 31 जुलाई तक मिलेगा चावल

**मानपुर।** सरकार ने राशनकार्डधारियों को राहत देते हुए जून, जुलाई और अगस्त के चावल वितरण की अंतिम तिथि को 31 जुलाई तक बढ़ा दिया है। अब पात्र हितग्राही एक साथ तीन माह का चावल ले सकेंगे। भारत सरकार और छत्तीसगढ़ ने यह निर्णय हितग्राहियों के हितों को ध्यान में रखते हुए लिया है। शासन ने स्पष्ट किया है कि चना, नमक और शक्कर जैसी अन्य सामग्री पूर्ववत वितरित की जाएगी।

### लोधी समाज को प्रतिनिधित्व देने की मांग

**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र प्रेषित कर संगठन में लोधी समाज को समुचित प्रतिनिधित्व देने की मांग की है। उन्होंने अपने पत्र में बताया कि राजनांदगांव, खैरागढ़, एमएमसी, दुर्ग, बेमेतरा, बालोद, कबीरधाम, मुंगेली, बिलासपुर और रायपुर जिलों में लोधी समाज की सशक्त उपस्थिति है, जो वर्षों से कांग्रेस के प्रति निष्ठावान है। उन्होंने बताया कि डोंगरगांव, खैरागढ़ , डोगरगढ़ जैसे इलाकों में समाज कांग्रेस को निरंतर समर्थन देते आ रहा है।

**आयोजन : सेवानिवृत्त शिक्षकों का हुआ सम्मान**

# बैजी स्कूल के प्रवेशोत्सव में डीईओ व डाइट प्राचार्य ने विद्यार्थियों को किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला बैजी विकासखंड बेमेतरा में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन भव्य रूप से किया गया जिसमें शाला प्रवेश उत्सव, सेवानिवृत्ति शिक्षकों का विदाई सम्मान समारोह, नव नियुक्त प्रधान पाठक, युक्ति युक्त करण से आए हुए सहायक शिक्षक का सम्मान समारोह, शाला परिसर में वृक्षारोपण, नव पदस्थ प्रधान पाठक ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे द्वारा नेवता भोज का आयोजन, एवं शाला में मेंगा पालक सम्मेलन का आयोजन किया गया।

जिसमें गांव के जनप्रतिनिधि बहल सिंह वर्मा पूर्व जनपद उपाध्यक्ष बेमेतरा, ग्राम पंचायत बैजी के सरपंच सुशीला देवी सेवक वर्मा, जन भागीदारी शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गीतेश्वर वर्मा, बैजी के ग्राम पटेल विजय वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे, डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार खरे बतौर अतिथि के तौर पर मौजूदगी में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों के द्वारा जहां रंगारंग संस्कृतिक की प्रस्तुति दिए वही अतिथियों को शाल श्रीफल अभिनंदन पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं डाइट प्राचार्य व जनप्रतिनिधि ने फूलमाला से स्वागत करते हुए बच्चों को मिठाई खिलाया गया एवं टीका लगाकर पाठ्य पुस्तक व गणेश का वितरण कर नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत किए। इस दौरान सेवानिवृत प्रधान पाठक जगमोहन सिंह वर्मा ने अपने 42 साल की अनुभव को अपने उद्बोधन भाषण में विस्तार से बताया उनके अच्छे विचारों को सुनकर सभी दर्शकों की मन में एक बहुत ही सुंदर विचार जागृत हुआ एवं उनके अनुशासन व विचारों से अपने जीवन को किस तरह सफल बनाना चाहिए यह सीख मिलता हैं। इसी तरह सेवानिवृत्ति व्याख्याता हेमंत कुमार बंछोर ने भी अपने 42 साल की कार्यकाल की अनुभव को बड़ा ही रोचक व विस्तार से बताया। इसके पश्चात बहल सिंह वर्मा ने जगमोहन सिंह वर्मा एवं हेमंत कुमार बंछोर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जो ज्ञान सरकारी स्कूल में मिलती है वह ज्ञान कहीं और नहीं मिल सकती क्योंकि सरकारी स्कूल के शिक्षक फूल एजुकेटेड होते हैं परीक्षा पास करके चयन होने पर ही उनकी नियुक्त की जाती है और साथ ही साथ उनके पास डिग्री होती है। अर्थात सरकारी स्कूलों की टीचरों को जो पढ़ने का अनुभव होता है वह अनुभव प्राइवेट स्कूलों के शिक्षकों में नहीं होता प्राइवेट संस्थानों के द्वारा केवल अपने व्यवसाय करने के उद्देश्य से प्राइवेट स्कूल संचालित किया जाता है इसलिए ग्रामीणों से मेरा अनुरोध है कि अपने बच्चों को अधिक से अधिक संख्या में शासकीय स्कूल में ही दाखिला कराए। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने अपने उद्बोधन में कहा कि सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक एवं व्याख्याता के दीर्घायु की कामना करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला साथ ही साथ डीईओ बंजारे ने प्रवेश उत्सव क्यों मनाया जाता है विस्तार से बताया और न्योता भोज के संबंध में भी अपना विचार प्रगट किए। डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे ने काव्य पंक्तियों के माध्यम से उद्बोधित करते हुए अपने विचारों को प्रकट किया एवं बच्चों को स्कूल आने के लिए वह अपने जीवन के बारे में गाना के रूप में सुमधुर आवाज में प्रस्तुत किया। इसके पश्चात विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार खरे ने भी अपने उद्बोधन में सभी वरिष्ठ जनों का सम्मान करते हुए कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की। अतिथियों के द्वारा शाला परिसर में आम,नींबू, कटहल, बदाम आदि का वृक्षारोपण किया गया । प्रधान पाठक ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी का आभार प्रकट किया।कार्यक्रम का मंच संचालन ख़ेम सिंह बारले ने किया



कार्यक्रम में सहायक शिक्षक शत्रुघ्न कुमार साहू, उनीशा सिंहा, भारती वर्मा , कांती मस्तके, सफाई कर्मचारी हरिश्चंद्र यादव, रसोइया राधा वर्मा,मंजू यादव आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता प्रतिमा बघेल, मिथिला वर्मा सहायिका किरण यादव, आंगनबाड़ी बच्चे, प्राइमरी, मिडिल हाई स्कूल हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राएं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जगमोहन सिंह वर्मा सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला बैजी, हेमंत कुमार बंछोर जी सेवानिवृत्ति व्याख्याता हाई स्कूल लोलेसरा, जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा डॉ कमल कपूर बंजारे जी, डाईट प्राचार्य जे के घृतलहरे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार खरे, लोलेसरा हाई स्कूल के प्राचार्य, बहेरा हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य, लोलेसरा मिडिल स्कूल के हेड मास्टर रमेश तिवारी, मिडिल स्कूल बहेरा के हेड मास्टर, मिडिल स्कूल केवाछी के हेड मास्टर, शासकीय प्राथमिक शाला बहेरा, गांगपुर, लोलेसरा, बैजी, केवाछी, भिनपुरी के प्रधान पाठक व शिक्षक शिक्षिकाएं एवं संकुल समन्वयक शत्रुघन कुमार साहू, इमरान अब्दुल खान,चैतराम सेन संकुल बैजलपुर उपस्थिति थे।

# मध्यस्थता राष्ट्र अभियान के लिए ली प्रधान जिला न्यायाधीश ने बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु 90 दिवसीय विशेष अभियान शुरू

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मीडिएशन एंड काउंसिलिएशन प्रोजेक्ट कमेटी (एमसीपीसी), नई दिल्ली के मार्गदर्शन तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार मध्यस्थता राष्ट्र के लिए अभियान के अंतर्गत जिला न्यायालय बेमेतरा में बुधवार को महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा बृजेन्द्र कुमार शास्त्री ने की। इस दौरान जिले के न्यायाधीशगण, मध्यस्थता अधिकारी, अधिवक्ता, पुलिस अधीक्षक एवं समस्त थाना प्रभारी उपस्थित रहे। श्री शास्त्री ने बताया कि यह अभियान 01 जुलाई से 07 अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा, जिसमें जिला, तालुका एवं उच्च न्यायालय स्तर पर लंबित प्रकरणों को मध्यस्थता के माध्यम से 90 दिवस में निराकृत करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि अभियान के सुचारू संचालन हेतु मानक संचालन प्रक्रिया जारी की गई है, जिसका पालन अनिवार्य रूप से किया जाएगा। मध्यस्थता अधिकारियों को अधिकाधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अभियान अंतर्गत पक्षकारों को समय-सीमा में नोटिस तामील कराएं तथा ग्राम कोटवारों की सहायता से जन-जागरूकता अभियान चलाएं।

न्यायाधीश शास्त्री ने किशोर न्याय से संबंधित मामलों में सख्ती बरतने की हिदायत भी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि तीन वर्ष तक की सजा योग्य अपराधों में संलिप्त पाए गए किशोरों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज न की जाए, बल्कि उनके विरुद्ध ईश्तगासा प्रस्तुत किया जाए। बैठक में कानून व्यवस्था एवं अभियान की रणनीति को लेकर विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अंत में सभी अधिकारियों को अभियान के सफल संचालन हेतु जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी से करने का आह्वान किया गया।

# धार्मिक-सांस्कृतिक पुनर्जागरण के लिए धर्म स्तंभ के कार्यों की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ दूधाधारी मठ के राजेश्री महंत रामसुंदर दास ने डॉ. सौरभ निर्वाणी का शाल ओढ़ाकर किया सम्मान

धर्म स्तंभ काउंसिल द्वारा सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति एवं मठ-मंदिर परंपरा के संरक्षण व संवर्धन हेतु किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की सराहना करते हुए दूधाधारी मठ के राजेश्री महंत प्रकाण्ड विद्वान वेद ज्ञाता रामसुंदर दास जी ने धर्म स्तंभ काउंसिल के कार्यकारी अध्यक्ष एवं सनातन प्रचारक डॉ. सौरभ निर्वाणी को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

यह सम्मान डॉ निर्वाणी को दूधाधारी मठ परिसर में महंत रामसुंदर दास ने चौसठ महंत उत्सव के कार्यक्रम के एक विशेष भेंटवार्ता के अवसर पर किया,राजेश्री महंत श्री रामसुंदर दास ने डॉ. सौरभ निर्वाणी के द्वारा छत्तीसगढ़ सहित देशभर में सनातन चेतना के विस्तार हेतु किए जा रहे कार्यों को "युग धर्म" की संज्ञा देते हुए कहा कि आज का समय आध्यात्मिक पुनर्जागरण का है। युवा प्रचारकों को मठों व मंदिरों से जुड़कर समाज को दिशा देनी चाहिए। डॉ. सौरभ निर्वाणी जैसे युवाओं की सक्रियता सनातन परंपरा के उज्ज्वल भविष्य की ओर संकेत करती है।

वहीं धर्म स्तंभ काउंसिल के डॉ रविन्द्र द्विवेदी ने बताया कि 'धर्म स्तंभ' का उद्देश्य न केवल धार्मिक चेतना का विस्तार है, बल्कि भारतीय जीवन मूल्यों की पुनर्स्थापना भी है। धर्म स्तम्भ प्रतिबद्ध है मठ-मंदिर संरक्षण अभियानः प्राचीन मंदिरों, मठों और धार्मिक धरोहरों के जीर्णोद्धार, जागरूकता एवं सेवा कार्य।. सनातन शिक्षा व अध्यात्म प्रचारः गुरुकुल परंपरा, वेद-पुराण, उपनिषद व गीता पर आधारित अध्ययन केंद्रों की स्थापना। युवा सनातन नेतृत्व निर्माणः

युवाओं में सनातन मूल्यों, धर्मशास्त्र, नीति और परंपराओं के प्रति जागरूकता एवं प्रशिक्षण।

**4. धर्माचार्यों व साधु-संतों से संवाद**

अखाड़ों, पीठों और मठों से सतत संपर्क एवं समन्वय स्थापित कर परंपरा को जीवंत बनाना। वंचित क्षेत्रों में धार्मिक-सांस्कृतिक नवजागरणः जनजातीय, ग्रामीण और सीमांत क्षेत्रों में धर्म-संस्कृति आधारित सेवा व जागरूकता। डॉ. सौरभ निर्वाणी ने राजेश्री महंत रामसुंदर दास का आभार व्यक्त करते हुए कहा यह एक अनुभोक्ता की अनुभवशील वाणी है, जिनका जीवन ही अध्यात्म सनातन और धर्म को प्रतिपल समर्पित है सभी सनातन मतावलंबियों के लिए अनुकरणीय है उनका आशीर्वाद ही सबसे बड़ा सम्मान है।

# किसानों को दी गई फसल बीमा एवं प्राकृतिक खेती की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विकासखंड अंतर्गत ग्राम सिरवाबांधा में फसल बीमा सप्ताह के अंतर्गत /"फसल बीमा पाठशाला/" एवं /"राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन/" योजनांतर्गत कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को फसल बीमा की महत्ता, प्रक्रिया और प्राकृतिक खेती के लाभों से अवगत कराना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत में बीमा प्रतिनिधि टुकेश्वर कुमार ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत कृषक 1 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक फसल बीमा करा सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऋणी किसानों का बीमा संबंधित बैंकों द्वारा स्वतः किया जाता है, जबकि अऋणी किसान स्वयं बीमा कराने के लिए सीएससी (लोक सेवा केंद्र), बैंक, सहकारी समिति, पोस्ट ऑफिस, एआईडीई एजेंट या फसल बीमा पोर्टल का उपयोग कर सकते हैं। बीमा हेतु किसानों को नवीनतम आधार कार्ड, बैंक पासबुक, भूमि संबंधित दस्तावेज, फसल बुवाई प्रमाण पत्र दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक है । कार्यक्रम के दौरान बीमा प्रक्रिया को लेकर किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। इसी क्रम में ग्राम कृषि विकास अधिकारी श्री सतवन दास नौरंगे द्वारा किसानों को /"प्राकृतिक खेती/" विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों से बचने तथा भूमि की उर्वरता बनाए रखने के लिए प्राकृतिक खेती एक उत्तम विकल्प है। गोबर, गौमूत्र, नीम, छाछ आदि जैविक घटकों के माध्यम से की जाने वाली यह खेती न केवल लागत कम करती है, बल्कि उत्पादन में भी वृद्धि करती है। कार्यक्रम में कृषक रामाधार जांगड़े, बीमा प्रतिनिधि चितरेन वर्मा सहित बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित रहे। उपस्थित किसानों ने इस प्रकार के प्रशिक्षणों को अत्यंत उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन की मांग की।




### उत्कर्ष योजना प्रवेश परीक्षा के नतीजे घोषित

**बेमेतरा।** पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना वर्ष 2025-26 के अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। यह परीक्षा 30 मार्च 2025 को शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय, बेमेतरा में संपन्न हुई थी। जिला शिक्षा कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा परिणाम कार्यालयीन समय में अवलोकन हेतु उपलब्ध है। यदि किसी अभ्यर्थी को परीक्षा परिणाम से संबंधित कोई दावा या आपत्ति हो, तो वह अपने साक्ष्य एवं अभिलेखों सहित 4 जुलाई 2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। प्रशासन ने अभ्यर्थियों एवं अभिभावकों से निर्धारित समय-सीमा में दावा/आपत्ति प्रस्तुत करने की अपील की है।

# खम्हरिया एम शाला में प्रबंधन समिति का किया गया गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

विकासखण्ड बेरला के निकटवर्तीय शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला खम्हरिया एम में शाला प्रबंधन समिति का गठन व बैठक में शाला विकास पर की चर्चा। समिति गठन को लेकर आमसभा की गई।

जिसमें विद्यालय पोषक क्षेत्र के दर्जनों अभिभावक शामिल रहे।समिति गठन के लिए पर्यवेक्षक के रूप में शिक्षक ने सर्वप्रथम समिति के सदस्यों का कार्य व दायित्व से संबंधित जानकारी विस्तृत रूप से लोगों को दिया। सदस्य बनने के लिए आवश्यक आहर्ता की जानकारी भी दी गई। उपस्थित अभिभावकों के द्वारा प्रस्ताव एवं समर्थन के माध्यम से सदस्यों का चयन किया गया। तत्पश्चात चयनित सदस्यों में शाला प्रबंधन समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रमेश सिन्हा, उपाध्यक्ष इंदल साहू, संयोजक सुश्री देवांगन, कोषाध्यक्ष पोषण सिन्हा, शिक्षाविद लीलाराम साहू, सदस्य सीताराम साहू, बलदाऊ सिन्हा, संतोष साहू, धन्नू साहू, रवि साहू, नीलम साहू, सरोज साहू, नीरा मिर्जा, तीजबती साहू, खिलेश्वरी साहू, नमिता गोस्वामी, सरोज साहू, पंचायत प्रतिनिधि गुलाब राम साहू, सरपंच सकुन स्वरूपानंद साहू, नकुल साहू, चमेली व्यास साहू, पंचगण तिलक साहू, रामविलास सुकालु, कपिल साहू, शिवदयाल सिन्हा, योगेश्वरी डोमार साहू, उर्मिला बिहारी, बलराम सिन्हा, धरम निषाद, किशन साहू, दिलहरन साहू, विनोद सेन, मोहन निषाद, सतीश साहू, मोहन निर्मलकर, टाकेश्वर साहू एवं समस्त ग्रामवासी खम्हरिया उपस्थित रहे।



**देवरबीजा में 65 लाख रुपये के विकास कार्यों का भी किया गया भूमिपूजन**

# देवरबीजा में 50 लाख की लागत से बनेगा मिनी स्टेडियम, विधायक दीपेश ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ विकास सिर्फ वादा नहीं, भाजपा सरकार की कार्यशैली है, हमारा संकल्प है हमारी प्रतिबद्धता है

ग्राम पंचायत देवरबीजा में दो महत्वपूर्ण विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमे बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे बेमेतरा वि धा य क शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने 15 लाख की लागत से व्यावसायिक परिसर भवन एवं 49 लाख 98 हजार की लागत से मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को दो बहुप्रतीक्षित सौगातें प्रदान की। **सबका विकास साथ सब का विकास के मूल मंत्रः** कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा की भाजपा सरकार का मूल मंत्र है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में जो योजनाएँ चल रही हैं, वे समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाने का कार्य कर रही हैं। आज प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाखों गरीबों को पक्का घर मिला है, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से किसानों को सीधा आर्थिक सहयोग मिल रहा है, उज्ज्वला योजना से माताओं-बहनों को धुएँ से मुक्ति मिली है, जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल पहुँचाया जा रहा है। महिलाओ के लिए महतारी वंदन जैसे योजनाए छत्तीसगढ़ विष्णुदेव साय की सरकार संचालित कर रही है।



**गरीब व्यक्ति को 5 लाख तक की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा**

आयुष्मान भारत जैसी योजना ने गरीब से गरीब व्यक्ति को 5 लाख तक की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा दी है। स्टैंड अप इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, मुद्रा योजना के माध्यम से युवा आज उद्यमी बनकर देश को आगे बढ़ा रहे हैं।

हमारी सरकार की प्राथमिकता है – गांव, गरीब, किसान, महिला और युवा। मैं एक जनप्रतिनिधि के रूप में यह सुनिश्चित कर रहा हूँ कि बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र का प्रत्येक पात्र व्यक्ति इन योजनाओं से लाभान्वित हो। विधायक साहू ने कहा की जनता के लिए समर्पित हमारी सरकार की योजनाएँ आम नागरिक के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का माध्यम बन रही हैं। कार्यक्रम मे अवधेश सिँह चंदेल पूर्व विधायक ,खुशबू गोविंद वर्मा जिला पंचायत उपाध्यक्ष ,सेवाराम साहू मंडल अध्यक्ष देवरबीजा,बलराम पटेल पूर्व मंडल अध्यक्ष बेरला ,प्रेमलता गुलाब मांडवी जनपद सदस्य बेरला ,सरपंच हेमलाल देवांगन ग्राम पंचायत देवरबीजा ,सचिन चिंताराम निषाद सचिव, नीरज राजपूत जनपद सदस्य बेरला लीलाराम साहू ,संतोष देवांगन कोमल देवांगन ठाकुर राम निर्माण का ईश्वर देवांगन राजकुमार राजपूत विजय राजपूत कन्हैया निर्मलकर लखन यादव शत्रुघ्न सेन विनोद देवांगन गेंदलाल देवांगन निर्मल देवांगन मीना साहू खेदिया साहू लता निर्मलकर शौखन बंजारे उर्मिला देवांगन निर्मला देवांगन सहित ग्राम वासी देवरबीजा उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, मां मनोकामना देवी, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ , जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),

राशिः-स्लीपर 13,500/- , 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:-7354-411411